## सीएम हेमंत सोरेन ने एचइसी के नेहरू पार्क का किया उद्घाटन

# आदिवासी-मूलवासी, दलित व अल्पसंख्यक को योजनाओं का लाभ देना लक्ष्य : मुख्यमंत्री

**करीब 3.8 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया नेहरू पार्क**

खबर मन्त्र ब्यूरो



जीर्णोद्धार के बाद इस पार्क का रूप काफी बदल गया है।

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने पुनरूद्धार के बाद एचईसी के नेहरू पार्क उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी-मूलवासी, दलित-अल्पसंख्यकों को योजनाओं का लाभ देना लक्ष्य है। दरअसल, जीर्णोद्धार के बाद इस पार्क का रूप काफी बदल गया है। इस पार्क में राजस्थान का गजीबो लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र है। राजधानी रांची का नेहरू पार्क अब नये कलेवर में नजर आ रहा है। इस पार्क की सूरत बदल गई है। सीएम के निर्देशानुसार नगर विकास विभाग के द्वारा करीब 3.8 करोड़ की लागत से तैयार इस पार्क की रौनक देखते बन रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की आदमकद मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मौके पर हेमंत सोरेन के समर्थन में जमकर जिंदाबाद के नारे भी लगे। झारखंड मंत्रालय के पास इस पार्क की जर्जर स्थिति को देखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अगस्त 2020 में यहां आकर निरीक्षण किया था। इसके बाद इस पार्क के जीर्णोद्धार का जिम्मा नगर विकास विभाग के जुडको को दिया गया था। यहां आने के बाद आपको राजस्थान के महल में बने गजीबो याद आने लगेगा। इसके अलावा रंग बिरंगी लाइट इस पार्क को शाम होने के बाद दूर से ही खासा आकर्षित करता है। म्यूजिकल फाउंटेन और लाइटिंग यहां आने वाले लोगों को खासा आकर्षित करता है। मार्निंग वॉक करने वाले के लिए भी फुटपाथ बनाया गया है। साथ ही, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए पानी, शौचालय और बैठने के लिये कुर्सियां भी जगह जगह लगाई गई हैं। बुजुर्गों के टहलने के लिए खास प्रबंध इस पार्क में किये गये हैं। इनके लिए वॉकिंग ट्रैक भी बनाया गया है। पार्क में लैंडस्कैपिंग के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिये अलग से स्थान निर्धारित किया गया है। जिसे आकर्षक ढंग से झूलों के साथ सजाया गया है।

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के छात्रों ने मनायी दिवाली

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में गुरुवार को श्रद्धा एवं विश्वास के साथ रंगारंग तरीके से दिवाली मनाई गयी। एक ओर जहां स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने दीया, कैंडल मेकिंग, ग्रीटिंग कार्ड पोस्टर मेकिंग के द्वारा अपनी अंतर्निहित कला को प्रकट किया। वहीं दूसरी ओर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को ललित परिधानों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के मंचन द्वारा प्रस्तुत कर सबको भावविभोर कर दिया। इस दौरान बच्चों ने बहुत ही सुंदर दीये और मोमबत्तियां तैयार की। बच्चों द्वारा सुंदर मन्दिर सजाया गया और सबने मां लक्ष्मी की आरती की।

वहीं स्कूलों के सभी विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, कविता, स्लोगन ललित कला परिधानों में सज धज कर दीपावली के सार्वभौमिक सद्भावना के संदेश को मूर्त रूप में प्रस्तुत कर समा बांध दिया। स्कूल प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों से प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का आह्वान करते हुए सभी को दीपावली की शुभकमनाएं दी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि मानव जीवन की सबसे बड़ी खुशी एक जरूरतमंद इंसान की सहायता करनी होती है और दीपावली अंधकार को प्रकाश में करने का पर्व है। श्री शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित दीपावली मनाने का संदेश दिया और सभी अभिभावक को शिक्षकों और विद्यार्थियों को दीपावली की हार्दिक बधाई दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी तथा शिक्षक-शिक्षिका आशुतोष कुमार, किरण कुमारी,अनिमा एक्का, सुधा राणा, निधि कुमारी, शिवानी कुमारी, पंकज कुमार, मनोज खलखो तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित विद्यालय के स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

## दुर्ग, कटिहार और पुणे के लिए छठ स्पेशल ट्रेन चलायेगा दक्षिण पूर्व रेलवे

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे, दीपावली और छठ महापर्व में रेलवे यात्रियों की भीड़ को देखते अलग अलग जगहों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं देगा। इनमें हटिया-पुणे के अलावा हटिया-दुर्ग, रांची-कटिहार त्योहार स्पेशल ट्रेनें भी शामिल हैं।

ट्रेन संख्या 02846 हटिया-पुणे की सेवा 15 नवंबर से 29 नवंबर तक मिलेगी। इस अवधि में यह हर बुधवार को हटिया से पुणे तक जाएगी।

इसी तरह से 02845 पुणे-हटिया छठ स्पेशल ट्रेन 10 नवंबर से 24 नवंबर तक हर शुक्रवार को पुणे से खुलेगी।

08185 हटिया-दुर्ग छठ स्पेशल ट्रेन की सेवा 9 नवंबर से 26 दिसंबर तक यात्रियों को मिलेगी। यह हर मंगलवार और गुरुवार को हटिया से खुलेगी।

08186 दुर्ग-हटिया छठ स्पेशल ट्रेन की सेवा 10 नवंबर से 27 दिसंबर तक मिलेगी। यह हर बुधवार और शुक्रवार को यात्रियों को सेवा मुहैया करायेगी।

05761 रांची-कटिहार त्योहार स्पेशल ट्रेन 10 नवंबर से 24 नवंबर तक यात्रियों को सेवा प्रदान करेगी। इस अवधि में यह हर शुक्रवार को रांची से कटिहार जायेगी।

इसी तरह से 05762 कटिहार-रांची त्योहार स्पेशल ट्रेन की सेवा कटिहार से रांची आने को हर गुरुवार को यात्रियों को मिलेगी। 9 नवंबर से 30 नवंबर 2023 तक इसकी सेवा पैसेंजर्स को दी जानी है।

इन ट्रेनों के अलावे दक्षिण-पूर्व रेलवे ने रांची से गोरखपुर के लिए (08025 हटिया-गोरखपुर) तथा गोरखपुर से हटिया (08026 गोरखपुर-हटिया त्योहार स्पेशल) के लिए ट्रेन सेवा देने का फैसला लिया है।

हटिया-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन सेवा 10 नवंबर से 17 नवंबर तक जबकि गोरखपुर-हटिया स्पेशल ट्रेन सेवा 11 नवंबर से 18 नवंबर (हर शनिवार) को मिलेगी।

इसके अलावे 08626 रांची-लहेरिया सराय छठ स्पेशल ट्रेन सेवा 9 नवंबर से 16 नवंबर तक तथा 08625 लहेरिया सराय-रांची छठ स्पेशल ट्रेन सेवा 10 नवंबर से 17 नवंबर के बीच मिलेगी।

## बीएयू में फसल सुधार पर आयोजित सेमिनार का समापन

### कम पानी में बेहतर उपज देने वाली फसल किस्म के विकास पर जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रसिद्ध पौधा आनुवंशिकी विशेषज्ञ डॉ जेड हैदर ने कहा है कि आनेवाले समय में झारखंड में भूमिगत जल सर्वाधिक तेजी से घटेगा। इसलिये कम पानी में और शीघ्र तैयार होने वाली फसल किस्मों के विकास और प्रयोग पर प्रयास केंद्रित करना चाहिये। डॉ हैदर गुरूवार को फसल सुधार पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का समापन पर बोल रहे थे। सेमिनार का आयोजन इंडियन सोसाइटी ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग के रांची चैप्टर द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान और अफ्रीका में ज्यादा तापक्रम में अच्छी उपज देने वाली फसल किस्मों और एनबीपीजीआर के पास उपलब्ध जंगली प्रभेदों के इस्तेमाल की तकनीक पर शोध किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सेमिनार की मुख्य अनुशंसाओं को राज्य सरकार को भेजा जाना चाहिए ताकि सरकार उसके आलोक में अपनी कुछ नीति और योजनाएं बना सके।

मुख्य वैज्ञानिक डॉ डीएन सिंह ने देश का बड़ा भूभाग अम्लीयता से प्रभावित होने के कारण पौधा प्रजनन विशेषज्ञों को मिप्ती वैज्ञानिकों के साथ मिलकर अम्लीयता सहिष्णु तथा पोषक तत्वों के प्रति रेस्पॉन्सिव फसल प्रभेदों के विकास पर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में कृषि कार्य के लिए उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण विषय होगा।

### जेआरजी बैंक के अध्यक्ष ने राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की



**रांची।** जे आर जी बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने महाप्रबंधक जसबीर सिंह, एस. के. पाणि, तथा सहायक महाप्रबंधक संजय कुमार के साथ राजभवन जाकर झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। महामहिम राज्यपाल ने जे आर जी बैंक की विकास यात्रा, झारखण्ड प्रदेश के विकास में इसकी भूमिका तथा बैंक द्वारा अबतक किये गए प्रयासों के बारे में जाना।

## खबर एक नजर में

### पटेल बीएड कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** मंगलवार को पटेल बी0 एड0 कॉलेज, काटमकुकू लोधमा, खूंटी के सभागार कक्ष में सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक से बढ़कर एक सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम - रोशनी ग्रुप, द्वितीय- सुकन्या ग्रुप, तृतीय- जागृति ग्रुप रहे। प्रतिभागियों को कॉलेज की प्राचार्या डॉ अनुराधा कुमारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

### रांची पुलिस ने दो बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी पुलिस ने दो बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बाइक चोर का नाम राजा पाल और आकाश कुमार है। रांची पुलिस ने पहले राजा पाल को मीनाक्षी सिनेमा हॉल के नजदीक से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ के बाद राजा पाल ने रांची के अलग-अलग हिस्सों में हुई बाइक चोरी के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस ने आकाश कुमार को चंदवा थाना इलाका से गिरफ्तार किया गया।

### बिहार में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाये जाने पर झारखंड में खुशी

**रांची।** जाति सर्वेक्षण के बाद गुरुवार को बिहार विधानसभा में सर्वसम्मति से ओबीसी का आरक्षण 43% बढ़ाया गया है। इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और विपक्ष के नेता सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार भी राज्य में जाति सर्वेक्षण कर ओबीसी का अधिकार दे। गठबंधन की सरकार ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का वादा चुनावी घोषणा पत्र में किया था लेकिन अभी तक वह घोषणा जमीन पर नहीं उतरा है। जिससे ओबीसी वर्ग में खास नाराजगी है और असंतोष व्याप्त है।

### रांची जिला बार एसोसिएशन भंग

**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन की चयनित कमेटी झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने भंग कर दिया है। चयनित कमेटी का कार्यकाल दो साल पूरा होने के बाद भंग करने का निर्णय लिया गया है। चयनित कमेटी भंग होने के बाद स्टेट बार काउंसिल ने त्रिसदस्यीय तदर्थ कमेटी का गठन किया है। नवगठित तदर्थ कमेटी में निवर्तमान अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही एवं कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार केशरी को रखा गया है। तदर्थ कमेटी दैनिक कार्य के तहत क्रियान्वित होगी। कोई नीतिगत निर्णय नहीं ले सकती है। हालांकि तदर्थ कमेटी ने स्टेट बार काउंसिल को पत्र लिखकर बैंक कार्यए चेक संबंधी कार्य को तीनों की हस्ताक्षर से संपादित करने की अनुमति मांगी है।

### रामवि पंडरा के विजेता प्रतिभागी सम्मानित



**रांची।** टाटा ग्रुप सर्विसेज एवं राजकीय मवि पंडरा के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को स्कूल कैंपस में आयोजित टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का विषय था-स्वच्छता अभियान, कचड़ा निपटान, आओ ढूंढे समाधान। इसमें प्रथम स्थान विजेता मास्टर आदर्श दूबे को प्रशस्ति पत्र और स्वर्ण पदक, उपविजेता माही कुमारी को रजत पदक और प्रशस्ति पत्र तथा दूसरे उप विजेता अंजली कुमारी को कांस्य पदक व प्रशस्ति पत्र सहित विद्यालय प्रधान को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर टाटा ग्रुप के प्रतिनिधि ने सम्मानित किया।

### ट्रेड फ्रेंड्स एंड कंपनी में पटाखों की धूम




**रांची।** ट्रेड फ्रेण्ड्स एण्ड कम्पनी में पटाखों की धूम मची हुई है। हमारे यहाँ हर रेंज व प्रकार के पटाखों उपलब्ध है। जिसे हर कमिटी व जनता जनार्दन ने सराहा। हर उत्सव के लिए विशेष पटाखे मंगाए जाते हैं। अब दिपावली हेतु पटाखों की नई रेंज कांके रोड व ओरमांझी में लगा दी गई है। व्यापारी व ग्राहक दोनों जगह से पटाखे की वृहत रेंज देख व खरीदी कर सकते है। भीड़ से बचने के लिए विभिन्न रेंज में फैमिली पैक में उपलब्ध। जैसेः- मिकी एवेन्जर, एक्टलीवा बी०एम०डब्ल्यू. एक्सयूभी०, स्कोरपियो, आदि। फैमिली पैक की स्टॉटिंग रेंज - रु 730/- से रु 8190/- तक उपलब्ध है। फैमिली गिफ्ट पैक किसी को भी गिफ्ट करने व कॉरपोरेट गिफ्टिंग के लिए भी काफी डिमांड में हमारे दोनों शोरूम कांके रोड, राँची और औरमांझी, राँची में उपलब्ध है। इस दिवाली ट्रेड फ्रेण्ड में नई नई वैरायटी के विभिन्न पटाखे जैसे ड्रोन हेलीकॉप्टर, नाजी, कोरोनेशन आदि उपलब्ध है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आम जनता ने चकाचौध कर देने वाली पटाखों की नई रेंज का लुत्फ उठाया

## एदार ए शरिया का 11 से समाज सुधार सह जागरूकता अधिवेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एदार ए शरिया झारखंड के तत्वाधान में खांनकाह मजहरीया मुनअमीया फिरदौस नगर, डोरंडा में गुरुवार को एदार ए शरीया की ओर से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमे झारखंड उलेमा व मशाईख बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी व नाजिमे आला मौलाना कितुबुद्दीन रिजवी, मौलाना मसउद फरीदी शहर काजी केंद्रीय,मौलाना सैयद अबुराफे तिबरानी,कारी मोबीन, मास्टर नेमत रजा मौजूद थे।

प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय एदार ए शरीया के तत्वावधान में गत 13 दिसंबर 2022 से बिहार के जिला बेतिया से प्रारम्भ एदार ए शरीया जागरूकता सह समाज सुधार अधिवेशन आयोजित की गई है। मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी और मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने बताया कि देश भर में विशेष कर बिहार, बंगाल, झारखंड, उडीसा के मुस्लिम समुदाय के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित अधिवेशन चारों राज्यों के प्रत्येक जिलों में आयोजित कर जागरूकता लाया जा रहा है। एदार ए शरीया के जारी कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम के अनुसार 11 नवंबर 2023 शनिवार 9 बजे दिन एन इस्लामिया उर्दू हाई स्कूल मैदान हजारीबाग में एदार ए शरीया तहरीके बेदारी सह समाज सुधार अधिवेशन हो रहा है। जिसमे देश के जाने माने विद्वान भाग लेंगे।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि व नेतृत्व करता पूर्व सांसद सह एदार शरीया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना गुलाम रसुल बलयावी होंगे। अधिवेशन के सातवें चरण में रामगढ़, लातेहार, डालटनगंज, लोहरदगा, चतरा, गुमला, सिमडेगा में अधिवेशन का आयोजन होगा।

### श्री श्याम मंदिर में दीपोत्सव एकादशी महापर्व मना



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में कार्तिक कृष्ण रम्भा सह दीपोत्सव एकादशी महापर्व का अत्यन्त भक्तिमय वातावरण में श्रद्धा के साथ मनाया गया। दीपावली पर्व को इस एकादशी पर पूरे मन्दिर परिसर को विभिन्न रंगों के विद्युत की लड़ियों एवम शुद्ध घी के दियों से रोशन किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रजातियों के रंग बिरंगे ताजा फूलों से श्रृंगार किया गया जैसे गुलाब , बेला , रजनीगंधा , गैंदा, जरबेरा , गुलदौदी साथ ही इस अवसर पर मन्दिर में विराजमान वीर हनुमान एवम शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया।

### बालाजी मंदिर में रंभा एकादशी पर भक्तों का उमड़ा सैलाब



**रांची।** बालाजी मंदिर में गुरुवार को कार्तिक कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी को लेकर कई अनुष्ठान हुए। सर्वप्रथम मुक्ति के एकमात्र उद्गम भगवान ब्रम्हांड नायक का विश्वरूप दर्शन हुआ। फिर सुप्रभातम मंगलाशासनम वेंकटेश स्तोत्र और षोडषोपचार पूर्वक नित्याराधन हुआ। धूप,दीप,छत्र, चंवर, व्यंजन, दर्पण और पुष्पांजलि आदि विनयावनत सेवा क्रमानुसार किया। फिर अज्ञानांधकार का विनाशक और ज्ञान मार्ग का प्रकाशक 27 दीपों से युक्त नक्षत्र आरती, अमृत कलश और लक्ष्मी की भंडार कुंभ से आरती और कपूर की ज्योतिष्पुंज से प्रकाशित महा आरती हुई। फलाहारी खीर,साबूदाना, कूटू आटा, सिंघाड़ा आटा, आलू, कद्दू आदि से बने एकादश प्रकार के व्यंजनों का नैवेद्य चढ़ाया। इसके बाद वेदोक्त स्तोत्र और देशिकस्तोत्राणि से भगवान की स्तुति की गई। श्रीभगवान का दिव्य विग्रह भक्त जनों की लालसा-अभिलाष को पूर्ण करने वाला है। सायं प्रदोष काल में गोवत्स द्वादशी पर्व को भी विधि पूर्वक मनाया गया। **अर्चक-** सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं नारायण दास ने आयोजित अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया।

### आरकेडीएफ की ओर से नगड़ी में लीगल एड कैंप

**रांची।** आरकेडीएफ विवि के फैकल्टी ऑफ लॉ की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कन्वेनर रहीं दिव्यानी श्रुति तथा सह कन्वेनर रहे प्रोफेसर आकाश कुमार सिन्हा के प्रयास से चार नवंबर को नगड़ी के नारो पंचायत में लीगल एड कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डालसा के एलएडीसी अमरदीप कुमार और नगड़ी की पूर्व मखिया आशा किस्पोटा थीं। मौके पर फैकल्टी ऑफ लॉ के छात्रों ने बाल मजदूरी और शिक्षा के विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों ने विभिन्न पोस्टर के द्वारा मौजूद बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि अमरदीप कुमार ने विधिक सहायता के विभिन्न भागों पे प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से यह भी अनुरोध किया के जो जानकारी उन्हें आज प्राप्त हुई है, उससे दूसरे लोगों को जागरुक करें।

# 95 लाख की साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

## ताइवान को अड्डा बनाकर भारत में कर रहा था साइबर ठगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीआईडी की साईबर थाना पुलिस ने गुरुवार को ताईवान मे रह कर चीनी नागरिक के साथ भारत में साईबर ठगी करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। आरोपी जैसे ही ताईवान से भारत आया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मूलरुप से महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के मुकन्दवाड़ी थाना क्षेत्र के सिडको स्थित रामनगर निवासी जीवन गोपीनाथ गलधर (उम्र 31) पिता-गोपीनाथ उर्फ गोपीनाथ रामबाबु गलधर है। आरोपी वर्तमान में ताईवान के ताईपाई नगअंग सिटी स्थित हनकेलू में रहता है। आरोपी के पास से 3300 ताईवान डॉलर, 48,400 रुपये नगद, दो मोबाईल, दो सिम, बैंक ऑफ ताइवान का एक क्रेडिट कार्ड समेत चार एटीएम, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, दो क्रेडिट कार्ड, एक पासपोर्ट बरामद किया गया है। साथ ही ठगी किए गए 67 लाख रुपये को सीज करवा दिया गया है।

**क्या है मामला**

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने सीआईडी मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया को बताया कि धनबाद जिले के साइबर क्राइम थाने में पांच जुलाई को ठगी को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इस मामले में जीवन साथी डॉट कॉम पर उपलब्ध एक प्रोफाइल में संपर्क किया गया। उन्हें क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर अधिक पैसा कमाने के लिए कहा। इसके लिए पीड़ित को एक फर्जी वेबसाइट पर रजिस्टर्ड करने को कहा गया। फिर फर्जी वेबसाइट से अलग-अलग बैंक खाताओं में यूपीआई के माध्यम से पैसे डालने को कहा गया। पीड़ित को फर्जी वेबसाइट पर प्रॉफिट दिखाया जाता था। जांच के क्रम में इस फर्जी वेबसाइट का मूल स्थान हांगकांग, चाइना और कंबोडिया में पाया गया। फाइनेंशियल ट्रायल एनालिसिस में फेक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड महाराष्ट्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बैंक के खाता पाए गए। इसमें करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन किए गए थे। पीड़ित से कुल 95 लाख 2000 का साइबर ठगी कर लिया गया। इसमें सीआईडी की ओर से तुरंत कार्रवाई करते हुए 67 लाख रुपये को फ्रिज करवाया गया।

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता के बिंदु पर अनुसंधान करते हुए भारतीय अपराध समन्वय केंद्र, केंद्रीय गृह मंत्रालय और महाराष्ट्र की साइबर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए घटना में शामिल साइबर अपराधी के ठिकाने का पता चला, जो ताइवान में रहकर चीन के नागरिक के साथ मिलकर भारत के मूल अकाउंट का बंदोबस्त करता था। उन्होंने बताया कि पार्ट टाइम जॉब और क्रिप्टो करेंसी फ्रॉड के माध्यम से आए पैसों को यह भारत से बंदोबस्त किए गए विभिन्न खातों में मंगवाता था और उन पैसे को क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज पर विभिन्न ब्लाकचेन वॉलेट एड्रेस पर भेज दिया करता था। इस अपराधी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया था। जब यह ताइवान से भारत आया, तो इसे महाराष्ट्र में गिरफ्तार कर लिया गया।

# बच्चे पढ़ाई में शत-प्रतिशत दें, सफलता कदम चूमेगी : खेल सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल में गुरुवार को 15वां वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस काम को आप करना चाहते हैं, उसमें अपना शत-प्रतिशत लगा दीजिये। सफलता आपके कदम चूमेगी। मनोज कुमार ने बच्चों को खेल में आगे बढ़ने के साथ-साथ सरकार से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने की भी सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। वहीं स्कूल की प्रिंसिपल रेखा नायडू ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खेल के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चे चाहें तो खेल में बेहतर कर सकते हैं। झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमारा स्कूल भी खेल महोत्सव के माध्यम से ऐसे ही खेल प्रतिभाओं की तलाश कर रहा है।

राज्य की धरोहर संताली नृत्य का प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कैप रेस, बिस्कुट रेस, बॉल बकेट, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर रिले रेस का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय के कक्षा प्रेप से बारहवीं तक के स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 50 बच्चों ने राज्य की धरोहर संताली नृत्य का भी प्रदर्शन किया। स्कूल में काम करने वाले सहायक कर्मचारियों के लिए भी पॉट बैलेंसिंग एवं 400 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया था। सभी खेलों में जीतने वाले तीन खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन मनरखन महतो, ट्रस्टी वीरेंद्रनाथ ओहदार, ट्रस्टी खुशबू सिंह, ट्रस्टी कृति काजल, डायरेक्टर मनोज कुमार, प्रधनाचार्य रेखा, प्रबंधक मुकेश एडमिनिस्ट्रेटर मीना, प्राचार्य मनरखन,डॉ दुधेश्वर, एसएमसी मेंबर विनीता व अन्य मौजूद थे।

# अलबर्ट एक्का चौक पर 18 करोड़ की लागत से बनेगा देश का पहला गोल फुट-ओवरब्रिज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के सबसे व्यस्त इलाका अलबर्ट एक्का चौक पर देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज बनेगा। इसे बनाने में करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। छह महीने में काम कंप्लीट करने की डेडलाइन है। फुट ओवरब्रिज के निर्माण का काम पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की बीआरबीए कंपनी को दी गई है। कंपनी ने अलबर्ट एक्का चौक पर मार्किंग और नापी का काम शुरू कर दिया है। यह फुट ओवरब्रिज काफी आकर्षक तरीके से बनाया जाएगा।



कंपनी को छह महीने में काम पूरा करने की दी गयी है डेडलाइन

कंपनी ने शुरू की जगह की मार्किंग और मापी का काम

## फुट ओवरब्रिज में होगी आकर्षक लाइटिंग

अलबर्ट एक्का चौक पर बने गोलंबर के चारों तरफ गोल फुट ओवरब्रिज बनाया जाएगा। सबसे पहले चौकपर बने शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के लिए नया प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। उसके बाद उस प्लेटफॉर्म पर शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा को स्थानांतरित किया जाएगा। फुट ओवरब्रिज के उपर और नीचे चारों तरफ आकर्षक लाइट लगाए जाएंगे। इस तरह का गोल फुट ओवरब्रिज देश में पहली बार रांची में बन रहा है। इससे पहले कोलकाता में गोल फुट ओवरब्रिज बना है, लेकिन वहां रोड क्रॉस करने के लिए एफओबी नहीं है।

## ट्रैफिक जाम से यात्रियों को मिलेगा छुटकारा

फुट ओवरब्रिज बन जाने के बाद अलबर्ट एक्का चौक की सूरत बदल जाएगी। इसकी खूबसूरती देखने के लिए लोग यहां पहुंचेंगे। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अलबर्ट एक्का पर लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से लोगों को छुटकारा मिलेगा और लोगों को जान जोखिम में डालकर सड़क पार नहीं करना पड़ेगा। गोल फुट ओवरब्रिज में यात्रियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। सीढ़ियों के साथ-साथ एक्सीलेटर भी लगाये जाएंगे, ताकि बुजुर्ग और दिव्यांग लोग भी आसानी से सड़क पार सक सकें।

## हरमू नदी के उद्गम स्थल पर अतिक्रमण को जांचेगी अधिवक्ताओं की तीन सदस्यीय कमेटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान से संबंधित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि हरमू नदी के उद्गम स्थल डीएवी हेहल, कटहल मोड़ के समीप अतिक्रमण कर लिया गया है, जो नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना का स्पष्ट उलंघन है। हाईकोर्ट को बताया गया कि नदी तथा प्राकृतिक नाले के 10 से 15 मीटर तक निर्माण कार्य नहीं हो सकता है। उसके बाद भी नियम विरुद्ध रांची नगर निगम/आरआरडीए ने 14 मंजिला मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का नक्शा पास किया है। जिस पर निर्माण कार्य जारी है। पूर्व में भी हाईकोर्ट ने नदियों एवं प्राकृतिक नाले को अतिक्रमण




मुक्त करने का अनेकों आदेश दिया है। इस पर हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नदी के अतिक्रमण पर तीन वकीलों वाले एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का निर्देश दिया। अधिवक्ताओं की यह कमिटी 24 नवंबर को स्थल जांच कर 30 नवंबर को रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कोर्ट ने रांची डीसी को निर्देश दिया है कि वह अधिवक्ताओं की कमेटी को स्थल निरीक्षण में सहयोग करें। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने पैरवी की। वही आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## रांची एसएसपी और धुर्वा थाना के तत्कालीन प्रभारी को हाइकोर्ट से नोटिस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के एसएसपी, धुर्वा थाना के तत्कालीन प्रभारी प्रवीण कुमार और सब इंस्पेक्टर नारायण सोरेन को नोटिस जारी किया है। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी एवं होमगार्ड के जवान कृष्णा यादव के साथ मारपीट करने, गाली गलौज करने, फर्जी प्राथमिकी दर्ज करने और केस का सुपरविजन स्वयं करने के खिलाफ दायर क्रिमिनल रिट पर सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने उक्त सभी को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी एवं होमगार्ड जवान कृष्णा यादव की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई।

# बर्तन और आभूषण से चमकेगा बाजार

**धनतेरस आज**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में धनतेरस को लेकर बर्तन बाजार के साथ आभूषण के बाजार सज चुके हैं। राजधानी रांची के अपर बाजार क्षेत्र में कई बर्तन दुकानदारों ने बताया कि लोगों ने बर्तन खरीदारी शुरू कर दी है। बर्तन की दुकान के एक व्यापारी ने बताया कि धनतेरस के समय ही लोग छठ के लिए भी बर्तन की खरीदारी करते हैं, इसीलिए धनतेरस बर्तन व्यापारियों के लिए खास होता है। व्यापारी ने बताया कि हर वर्ष की तुलना में इस वर्ष बर्तन का व्यापार बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस में रौनक जरूर बढ़ेगी।

वहीं दूसरी ओर बर्तन के बड़े



कारोबारी में शुमार साकेत मोदी ने बताया कि निश्चित रूप से जो उम्मीद की गई थी, वह पूरी नहीं हो रही है। धनतेरस के मौके पर ग्राहक तो जरूर पहुंच रहे हैं, लेकिन लोग खरीदारी नहीं कर रहे हैं क्योंकि लोग ऑनलाइन बाजार पर ज्यादा फोकस हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कहीं ना कहीं तांबा और पीतल के भी बर्तन की मांग बढ़ी है। बताया कि स्टील बर्तन 500 रुपए से 1500 रुपये तक मिल रहे हैं, तो वहीं तांबा और पीतल के बर्तन की कीमत 1800 से तीन हजार तक है।

### झारखंड में दो हजार करोड़ के व्यवसाय की उम्मीद : संतोष

झारखंड सोना चांदी व्यवसायी समिति के उपाध्यक्ष संतोष सोनी कहते हैं कि पिछले साल रांची और जमशेदपुर में धनतेरस पर करीब 800 करोड़ की बिक्री हुई थी, इस साल दोनों जिला में इससे ज्यादा होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि इस साल करीब एक हजार करोड़ का कारोबार होगा। बहरहाल धनतेरस के मौके पर सोना-चांदी से बने एक से बढ़कर एक समान मार्केट में उतारे गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक इस बार रांची सहित पूरे झारखंड में लगभग 2000 करोड़ का व्यवसाय होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## धनतेरस को लेकर सजा सर्राफा बाजार

धनतेरस को लेकर रांची सहित झारखंड के बाजारों में रौनक है। आमतौर पर लोग सोना चांदी के साथ-साथ गाड़ियों की खरीदारी करते रहे हैं। इस साल बाजार की स्थिति ठीक होने की वजह से सर्राफा बाजार के व्यवसायी खासा उम्मीद लगाए बैठे हैं। ग्राहकों का उत्साह देखते हुए आभूषण की दुकान सज चुकी हैं। दुकानों पर एक से बढ़कर एक छोटे बड़े सोने चांदी की ज्वेलरी ग्राहकों को लुभाने के लिए तैयार है। इस साल रांची के बाजार में चांदी के कलश और कमल का फूल खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आभूषण व्यवसायी विद्या कुमारी कहती हैं कि धनतेरस के मौके पर हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार



सोना चांदी खरीदना चाहता है। इसके पीछे वजह यह है कि बदलते समय के साथ अन्य सामान की तुलना में यह निवेश के रूप में देखा जा रहा है। जिस वजह से लोग इसे खरीदना पसंद करते हैं।

# रांची समेत राज्य के कई सदर अस्पतालों में डायलिसिस सेवा ठप, मरीज परेशान

**पैसे के भुगतान में हो रही देरी से कंपनी ने बंद की सेवाएं, सीएस ने कहा-दर्ज करायेंगे केस**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची समेत राज्य के सात जिलों के सदर अस्पतालों में डायलिसिस सेवा ठप कर दी गयी है। इससे मरीजों को परेशानी हो रही है। किडनी के मरीज इधर से उधर भटक रहे हैं। बताते चलें कि किडनी के मरीजों को जीवन दान देने के उद्देश्य से राज्य में 16 जिलों के सदर अस्पताल में पीपीपी मोड पर डायलिसिस की सेवा दी जा रही थी, जिसमें से सात जिला के सदर अस्पताल में अब यह सेवा पूरी तरह

| इन अस्पतालों के इतना है बकाया |
|---|
| रांची- 5867611 |
| लातेहार- 2188890 |
| खूंटी- 126630 |
| लोहरदगा- 2220458 |
| गिरिडीह- 3944434 |
| सरायकेला- 657272 |
| चतरा- 1637934 |

से बंद हो गई है। बताया जा रहा है कि पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम के अंतर्गत डायलिसिस सेवा की इस योजना का संचालन होता है। इसका जिम्मा एस्केग संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड को दी गयी है। इस कंपनी का कहना है कि बकाया पैसे का अबतक भुगतान नहीं होने से डायलिसिस सेवा बंद की गयी है।

**क्या कहते हैं कंपनी के अधिकारी**

इस मामले में कंपनी के मैनेजर संदीप चक्रवर्ती का कहना है कि बकाए पैसे की भुगतान राज्य के 7 जिलों के सिविल सर्जन से की गयी है। परंतु अब तक भुगतान नहीं किया गया है। हमारे पास संसाधन 31 अक्टूबर तक के लिए ही उपलब्ध थे। सप्लायर ने उधारी बढ़ने के कारण संसाधन देने से साफ मना कर दिया है। इस डायलिसिस सेवा ठप हुई।

**क्या कहते हैं सिविल सर्जन :** इस मामले में रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात ने कहा कि कंपनी डायलिसिस सेवा बंद नहीं कर सकती है। समय पर कंपनी ही बिल जमा नहीं करती हैं। इस वजह से भुगतान समय पर नहीं हो सका। अभी तक केवल पिछले महीने अगस्त और सितंबर का बिल मिल पाया है।

## कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल में दिवाली की अलग-अलग दिन पीएचडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/कोलकाता।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों में दिवाली की अलग-अलग पीएचडी दी गई है। जानकारी के अनुसार मगध परियोजना के उप प्रबंधक (कार्मिक) की ओर से 8 नवंबर को आदेश किया गया है। इसमें कहा गया है कि दीपावली के अवसर पर परियोजना कार्यालय 12 नवंबर को बंद रहेगा। यह सवैतनिक अवकाश के रूप में माना जाएगा। हालांकि, समक्ष अधिकारी के पूर्व अनुमोदन पर आवश्यक सेवाएं चालू रहेंगी।

वहीं आम्रपाली ओसीपी के डिप्टी मैनेजर (पर्सनल) की ओर से जारी 9 नवंबर को इस संबंध




में आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि दिवाली के अवसर पर 12 नवंबर को बंद रहेगा। उस दिन पेड होली-डे रहेगा। कुजू एरिया के एसओपी की ओर से 7 नवंबर को आदेश जारी किया गया है, इसमें कहा गया है कि कुजू एरिया के जीएम ऑफिस और सभी कोलियरी दिवाली के अवसर पर 13 नवंबर को बंद रहेंगे। इस दिन पेड होली डे रहेगा।

## वायु प्रदूषण की रोकथाम : दिवाली में शाम आठ से रात 10 बजे तक पटाखे फोड़ने की होगी छूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने दिवाली और क्रिसमस में पटाखे फोड़ने का समय तय कर दिया है। पर्षद के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। यह सूचना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर जारी किया है। दिवाली के दिन शाम के 8 बजे से रात के 10 बजे तक पटाखे फोड़ने की छूट रहेगी। इसके अलावा छठ, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के समय भी पटाखे मात्र दो घंटे चलाए जाएंगे। जबकि, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के मुताबिक दीपावली, गुरु पर्व पर



रात 8 से 10 तक पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ में सुबह 6 से 8 बजे तक ही ऐसा संभव होगा। क्रिसमस और नववर्ष के दिन मध्य रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक पटाखे चलाये जा सकते हैं। इस निर्देश के उल्लंघन पर आइसीसी की धारा 188 एवं वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण एक्ट 1981 की धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। यह कार्रवाई डीसी स्तर से की जाएगी।

**वायु प्रदूषण नहीं होगी :** पर्षद के मुताबिक झारखंड के सभी जिलों के शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता स्तर इस वर्ष अच्छी या संतोषप्रद स्थिति में है। ऐसे में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिहाज से ऐसे ही पटाखों की बिक्री यहां होगी, जिनकी ध्वनि सीमा 125 डीबी (ए) से कम हो।

## दिवाली के दिन साफ रहेगा मौसम कल कुछ हिस्सों में छाये रहेंगे बादल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 20 नवंबर के बाद ठंड बढ़ जायेगी। इस दौरान तापमान में अधिक गिरावट होगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 10 नवंबर को आसमान साफ रहेगा। लोगों को सुबह-शाम ठंड का एहसास होगा। वहीं 11 नवंबर को विभाग आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। इस दौरान तापमान शुष्क रहेगा जबकि 12 नवंबर यानी दिपावली के दिन आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। इस दौरान कुछ जिलों में बादल छाये रह सकते हैं लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। वहीं, 13 और 14 नवंबर को आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले चार दिनों तक तापमान में गिरावट नहीं होने का अनुमान है।

इस दौरान न्यूनतम में भी बदलाव नहीं होगा। 13 नवंबर तक राज्य का औसत न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। जबकि अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।

# सीएमपीडीआइ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के मयूरीहॉल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीएमडी मनोज कुमार, निदेशकगण एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित किए गए इन-हाउस और आउटरीज कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समारोह में कंपेडियम का विमोचन किया गया।



समारोह में सीएमडी मनोज कुमार ने कहा कि हर कोई अपने कार्यस्थल, समुदायों और अपने जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और नैतिकता के पथ प्रदर्शक बनें और एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहां ईमानदारी और पादर्शिता हो। उन्होंने आगे कहा कि सतर्क रहना किसी एक व्यक्ति या संगठन की एकमात्र जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह सभी व्यक्तियों का सामूहिक प्रयास है।

मौके पर सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिनहा ने कहा कि भ्रष्टाचार, अपने सभी रूपों में प्रगति में बाधा डालता है, विश्वास को खत्म करता और हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों की नींव को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार न केवल बहुमूल्य संसाधनों को जरूरतमदों से दूर ले जाता है, बल्कि असमानता को भी बढ़ाता है। आर्थिक विकास को रोकता है और हमारे समाज की नैतिकता को नष्ट करता है। मौके पर सीएमपीडीआई के भूतपूर्व महाप्रबंधक (सतर्कता) पुष्कर ने सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी पर प्रकाश डाला। समारोह में कस्तुरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता, सभा की सदस्या सुषमा भारती, श्रीपर्णा घटक एवं स्वाति शालिनी उपस्थित थीं। समारोह की शुरूआत कोल इंडिया गान से हुआ।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। नया दायित्व मिलने के बाद बाउरी उनकी यह राज्यपाल से पहली भेंट थी। इस दौरान उन्होंने राज्य हित में विपक्षी दल की भूमिका और सहयोग पर उनसे चर्चा भी की। राज्यपाल ने उम्मीद जताया कि नेता प्रतिपक्ष के रहने से अब राज्य की जनता के कल्याणार्थ कई सकारात्मक पहल होंगे।



### गुरुनानक जी के प्रकाश उत्सव में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को मिला आमंत्रण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 27 नवंबर को गुरु नानक जी के 554वें प्रकाश उत्सव के अवसर पर गुरु नानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में विशेष दीवान सजेगा। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ज्योति सिंह मथारू, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव गगनदीप सिंह शेट्टी, रणजीत सिंह हैप्पी, परमजीत सिंह टिंकू, तलविंदर सिंह, सरनजीत सिंह, राजदीप सिंह, नवजोत सिंह अलंग, हरविंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह, ऋषि छाबड़ा, केशर सिंह और तजिंदर सिंह शामिल थे।



### लापरवाही बरतने वाले सब इंस्पेक्टरों का तबादला

**रांची।** जिले के अलग-अलग थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इन सब इंस्पेक्टरों का तबादला काम नहीं करने व लापरवाही बरतने की शिकायत के बाद किया गया है। गौरतलब है कि विधि व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिले के कुछ थाना प्रभारियों ने अपने थाना में पदस्थापित काम नहीं करने वाले सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को हटाने और पदस्थापित करने का अनुरोध किया था। जिसपर एसएसपी ने यह कार्रवाई की है। लोअर बाजार थाना में तैनात एसआई विवेकानंद दूबे को डीसीबी शाखा, डीसीबी शाखा में तैनात शौरव शर्मा को सुखदेवनगर थाना, लालपुर थाना में तैनात मनीष पूर्ति को पुलिस केंद्र, कांके थाना में तैनात संजय नायक को बरियातु थाना और मेसरा ओपी में तैनात रणजीत कुमार सिंह को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है।

## राज भवन में मनाया गया उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस समारोह

# उत्तराखंड देवभूमि है, जो जीवन जीने की शैली का भी है पर्याय : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को राजभवन में उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस पर कहा कि इस राज्य की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने 2000 में की थी। हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड सिर्फ भूमि का टुकड़ा मात्र नहीं है, यह देवभूमि है, जो जीवन जीने की शैली का पर्याय है। यहां की नदियां, ग्लेशियर, पहाड़,



प्राकृतिक सौंदर्यता और सांस्कृतिक विरासत सबको आकर्षित करती है। यहां के लोगों की सहजता, सरलता एवं आध्यात्मिकता हमें अच्छे मार्ग पर चलने का संदेश देती है। यहां पावन तीर्थ स्थलों के साथ साहसिक रास्ते और प्रसिद्ध पर्यटन स्थल आकर्षण के केंद्र है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से उत्तराखंड के पावन स्थलों में तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए आधारभूत संरचनाओं का विस्तार किया गया है। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है और मानवीय दृष्टिकोण के कारण उनकी सराहना विश्व स्तर पर हो रही है। राज्यपाल ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा के साथ हम एक हैं और एक रहेंगे की भावना जन-जन तक पहुंच रही है। विभिन्न प्रदेशों की संस्कृतियों का आदान-प्रदान हो रहा है। हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत अनेकता में एकता का संदेश देती है।

## रांची जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय में जिला प्रभारी शिवकुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव सह विधानसभा प्रभारी गोपाल प्रसाद, महेंद्र मिश्रा, प्रिंस सिंह, रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, रांची जिला महासचिव सह कार्यालय प्रभारी संजय कुमार एवं जगदीश चंद्र महतो उपस्थित थे। समन्वय समिति की बैठक में विधानसभा का परफॉर्मेंस का रिव्यू पर विचार विमर्श किया गया साथ ही साथ समन्वय समिति की बैठक आगामी 14 नवंबर को कांके विधानसभा क्षेत्र में रखने पर सहमति बनी। इसके अलावा 22 नवंबर को



तमाड़ विधानसभा क्षेत्र और 23 नवंबर को खिजरी विधानसभा में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि जो भी प्रखंड अध्यक्ष निष्क्रिय है उसे विधानसभा प्रभारी से अनुमोदन करवा कर प्रदेश अध्यक्ष की आज्ञा लेकर उसे तत्काल प्रभाव से विमुक्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ प्रखंडवार और मंडलवार कार्यों का बंटवारा कर जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही जो पंचायत अधूरा रह गया है उसे विधानसभा प्रभारी से मिलकर जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

स्पीड न्यूज

# दिवाली व छठ में स्वच्छता और सुरक्षा में मुस्तैद रहेगा प्रशासन : उपायुक्त

## डीसी और एसएसपी ने दिवाली, काली पूजा और छठ को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



दिवाली एवं छठ को लेकर बैठक करते डीसी मंजूनाथ। साथ में एसएसपी किशोर कौशल व सहयोगी पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। अगामी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हों इसके लिए प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिले वासी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारा एवं हर्षोल्लास से त्यौहार मनायें। दुर्गापूजा के दौरान तमाम बेहतर तैयारियों और जिला प्रशासन और पुलिस की मेहनत के बावजूद बिष्टुपुर के बोधनवाला घाट पर विसर्जन वाहन के ब्रेक फेल होने के बाद हुए हादसे से अब प्रशासन चौकस हो गया है। आज की बैठक में इस घटना को लेकर लीक प्रूफ व्यवस्था करने पर भी

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम : एसएसपी

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों के साथ साथ पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वाहनों की सघन जांच करने तथा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रतिमा विसर्जन में प्रयुक्त होने वाले वाहन चालकों का थाना स्तर से वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए। काली पूजा को लेकर विसर्जन रूट का भौतिक सत्यापन किए जाने, थानावार छठ घाटों का अविलंब भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया।

डीसी और एसएसपी ने अपने सहयोगी पदाधिकारियों के साथ गंभीर चर्चा की, बल्कि कई नये निर्णय लिए गए हैं ताकि भविष्य में पर्व-त्यौहार में ऐसे हादसे नहीं हो। विधि व्यवस्था संधारण में बाधा उत्पन्न करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : डीसी भजन्त्री ने कहा कि सभी नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होने काली पूजा को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन में प्रयुक्त होने वाले वाहन के चालकों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाए। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में मूर्ति विसर्जन जुलूस में डीजे के प्रयोग का मॉनिटरिंग सुनिश्चित किया जाए। सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। डीसी ने कहा कि दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखे के बिक्री करने वाले दुकानों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। घनी आबादी क्षेत्र में पटाखों का संग्रहण न किया जाए। साथ ही हाई डेसीबल वाले अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया। छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, छठ घाट में डेंजर डोन चिन्हित करने, बेरिकेडिंग, सभी छठ घाटों से नाविक और गोताखोर को टैग करने का निर्देश दिया गया। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से असुविधा नहीं हो। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाने, छठ घाटों की ओर जाने वाले सभी पहुंच पथ को मोटरेबल बनाने, माइकिंग व्यवस्था दुरुस्त रखने, विद्युत पोल एवं रोशनी की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश गया । सिविल सर्जन को एंबुलेंस की उपलब्धता तथा अस्पतालों को आकस्मिक स्थिति के लिए अलर्ट रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, एसडीओ घाटशिला, डीटीओ, एसडीपीओ घाटशिला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, पथ निर्माण विभाग, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सीओ मानगो व जमशेदपुर सदर व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आंध्रभक्त श्रीराम मंदिरम का एजीएम 10 दिसंबर को



**जमशेदपुर।** आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम कमेटी, बिष्टुपुर की वार्षिक आम सभा 10 दिसंबर को संध्या 4:30 बजे से आयोजित होगी। वार्षिक आमसभा (एजीएम) की सूचना राम मंदिराम के सूचना पट्ट पर लगा दी गई है। यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बीडी गोपाल कृष्णा ने दी। महासचिव दुर्गा प्रसाद शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि सम्मानित आजीवन सदस्यों को व्यक्तिगत दूर पर सूचित करने के लिए व्हाट्सएप मोबाइल संदेश समाचार पत्रों एवं डाक का भी सहारा लिया गया है। सभी आजीवन सदस्यों के लिए लेखा-जोखा का विवरण मंदिर कार्यालय में 1 दिसंबर से लेकर 2 दिसंबर की शाम 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बीडी गोपाल कृष्णा ने बताया कि किसी भी सदस्य को आमसभा में किसी तरह का प्रश्न पूछना हो अथवा सुझाव देना हो तो उसे 5 दिसंबर तक महासचिव मंदिर कार्यालय को लिखित रूप से सूचित करना होगा। सदस्य अपना मेंबरशिप कार्ड के साथ फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड पैन कार्ड वोटर आईडी कार्ड अवश्य लेकर आएंगे। संवाददाता सम्मेलन में कोषाध्यक्ष विजय कुमार, उपाध्यक्ष जमी भास्कर, रमन और वाइस श्रीनिवास राव एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## भारतीय सेना के पूर्व योद्धा देवराज तिवारी का निधन, अंत्येष्टि आज



जमशेदपुर। जमशेदपुर के आकाशदीप प्लाजा स्थित क्वार्टर निवासी नायक देवराज तिवारी का गुरुवार सुबह 4:30 बजे उनका टाटा मेन अस्पताल में हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। परिवार के लोगों के इंतजार में उनका पार्थिव शरीर टाटा मर्चरी में रखा गया है। कल सुबह 8:00 बजे उनका पार्थिव शरीर टाटा मेन हॉस्पिटल से आकाशदीप प्लाजा गोलमुरी स्थित उनके आवास पर लाया जाएगा। जहां पैतृक रीति रिवाज के बाद सैनिक सम्मान पूर्वक भुइयांडीह स्वर्णरेखा घाट के लिए अंतिम सम्मान यात्रा निकलेगी। देवराज तिवारी की पत्नी का निधन अभी एक महीना पहले ही हुआ था। वह नियमित डायरी में अपनी कविता लिखते थे और दो दिन पूर्व भी अपनी कविता के माध्यम से अपने हृदय का उद्धार व्यक्त किये थे। इस महान योद्धा के सम्मान यात्रा में पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधियों के अलावा लौह नगरी के तमाम देशभक्त शामिल होंगे। अस्पताल में देवशंकर तिवारी को सहयोग पहुंचाने वाले लोगों में सुशील कुमार सिंह राजीव रंजन दिनेश सिंह जावेद हुसैन हरेंदु शर्मा, अजय केशरी, प्रमोद कुमार राजू रंजन, हंसराज सिंह, सुरेंद्र मौर्या सतनाम सिंह आदि शामिल थे। 10 जुलाई 1961 को भारतीय थल के इंजीनियरिंग कोर में भर्ती हुए थे। प्रशिक्षण के बाद ही उन्हें 1962, 1965 एवं 1971 युद्ध में देश की रक्षा में लड़ने का सौभाग्य प्राप्त था।

# मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो में तोमर ने जीता गोल्ड

## फिलीपींस के कैंपास शहर में चल रही है चैंपियनशिप

खबर मन्त्र ब्यूरो



गोल्ड जीतने के बाद तिरंगा लहराते एसके तोमर।

**जमशेदपुर।** फिलिपींस के कैंपास शहर के न्यू क्लर्क सिटी एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित 22 वें मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप के दूसरे दिन जमशेदपुर शहर के जाने-माने थ्रोअर एस के तोमर 50 प्लस आयु वर्ग में अपने पसंदीदा इवेंट डिस्कस थ्रो में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने डिसकस को 44. 46 मीटर फेंक कर स्वर्ण पदक जीता , जबकि मेजबान देश फिलिपींस के प्रतिभागी खिलाड़ी मैक्स निक्सन ने 42.82 मी डिसकस फेंक कर रजत पदक और तीसरे स्थान पर पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाड़ी बाजवा अल शेर का रहा। बता दें कि एस के तोमर ने बीते कल शॉट पुट थ्रो में देश के लिए रजत पदक 50 प्लस आयु वर्ग में जीता। एस के तोमर ने आज तक कुल दो पदक (एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक) जीतने में कामयाबी हासिल किया हैं। चैंपियनशिप के चौथे व अंतिम दिन उनका व्यक्तिगत इवेंट हैमर थ्रो है उन्हें पूर्ण विश्वास है इस इवेंट में भी वे पदक जीतने में कामयाब होंगे। मास्टर एथलीट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया कि मौके पर मौजूद भारतीय खिलाड़ियों ने इसके तोमर के जीत पर जश्न मनाया। जश्न मनाने का सिलसिला शहर में भी रहा यहां उनके चाहने वाले खिलाड़ियों ने खुशियां मनाई। मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के खिलाड़ियों ने जिन में मुख्य रूप से साबू जोसफ, एल एम महंता, एम एल चटर्जी, सुबोध चटर्जी, सरवन कुमार, डब्लू रहमान, एम अरशद, सीनू, श्याम कुमार शर्मा, केपी सिंह, बहादुर सिंह, आर एल दास, सुनील कुमार, कमलेश कुमार, नितिन कुमार एवं अन्य खिलाड़ियों ने जीत के इस मौके पर इसके तोमर एवं अन्य खिलाड़ियों को बधाई दिया।

## वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी के दिवाली पैक पाकर खिल उठे बच्चे व बुजुर्गों के चेहरे



**जमशेदपुर।** शहर की युवाओं की ऊर्जावान संस्था वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी की टीम ने दिवाली की खुशियां गुरुवार को अनोखे अंदाज में मनाया। टीम के युवाओं ने भुइयांडीह स्थित कुष्ठाश्रम बस्ती में सैकड़ो झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगो के घर घर जाकर दीवाली पैक का वितरण कर उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दी। टीम ने दिया, फुलझड़ी, मिठाई, तेल, लावा, मोमबत्ती व अन्य समानों का एक थैला तैयार किया जिसे दीवाली पैक बना सौकड़ों कुष्ठ परिवार के बीच उसका वितरण किया। जिसे पाकर बस्तीवासियों के चेहरे खिल उठे। संस्था के संस्थापक हरि सिंह ने बताया कि टीम हर साल दीवाली के मौके पर अलग अलग बस्तियों में इस तरह का दीवाली पैक का वितरण करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक हरि सिंह राजपूत, शंभू चौधरी, गगन, रंजन, चंदन, अंकित, अभिषेक, शुभम, निलेश, राजुरंजन, उपेंद्र, राहुल, मुन्ना, उमामहेश, पुनीत, विकास, ज्योत, कृष्णा, प्रवीण व अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### बैंक ऑफ इंडिया के गुहियापाल शाखा में ग्राहकों से दुर्व्यवहार की होगी जांच



जमशेदपुर। बहरागोड़ा अंतर्गत गुहियापाल के बैंक ऑफ इंडिया शाखा से संबद्ध उपभोक्ताओं ने बैंक की सेवाओं से क्षुब्ध होकर विरोध जताया है। सैकड़ों उपभोक्ताओं ने उपायुक्त के नाम हस्ताक्षरित ज्ञापन के मार्फत शाखा प्रबंधक सूरज कुमार और उप प्रबंधक अंकित कुमार के विरुद्ध कई गंभीर आरोप लगाये हैं। कुछ स्थानीय उपभोक्ताओं के आग्रह पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए जांच की मांग उठाई है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर उपभोक्ताओं के ज्ञापन को पोस्ट करते हुए कुणाल षाडंगी ने बैंक ऑफ इंडिया के एमडी रजनीश कर्नाटक सहित जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से संज्ञान लेकर जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया। कुणाल के ट्वीट पर बैंक ऑफ इंडिया के एमडी ने त्वरित संज्ञान लेकर विभागीय स्तर से आवश्यक पहल का भरोसा दिया। वहीं जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मामले में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) को जांच के उपरांत जरूरी कार्रवाई का निर्देश दिया है। पूर्व विधायक ने बैंक ऑफ इंडिया और जिला उपायुक्त के पहल पर विश्वास जताया कि जल्द ही उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक पहल होती नजर आयेगी। मालूम हो की बड़ी संख्या में गुहियापाल स्थित बैंक ऑफ इंडिया के उपभोक्ताओं ने शाखा प्रबंधक और उप प्रबंधक की कार्यसंस्कृति के संदर्भ में लिखित आरोप लगाये हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शाखा प्रबंधक और उनके सहयोगी उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान करते हैं। मेडिकल इमर्जेंसी से जूझ रहे परिजनों की मदद के लिए बैंक आने वाले उपभोक्ताओं को इंटरनेट सुविधा नहीं होने का बहाना दिया जाता है। अपने परिजनों तक मेडिकल खर्चे के लिए राशि भेजने पर शाखा प्रबंधक एक तय राशि अपने कमीशन के लिए काट लेते हैं। वहीं लोन रीकवरी के लिए उद्दंड प्रवृत्ति के लोगों को नियुक्त किया गया है जो उपभोक्ताओं संग दुर्व्यवहार करते हैं। राष्ट्रीय स्तर के बैंक को इस तरह की गुंडागर्दी शोभा नहीं देती। बुजुर्गों को पेंशन भुगतान करने में गुहियापाल शाखा बेहद परेशान करते हैं और अनावश्यक दौड़ाते हैं। इसके अतिरिक्त कई और आरोप हैं जिनपर जांच की मांग उठी है। इधर कुणाल षाडंगी के हस्तक्षेप के बाद बीओआई और डीसी के स्तर से जांच का आश्वासन मिलने पर उपभोक्ताओं में उम्मीद जगी है।

### बीएसीइटी : दिवाली समारोह का हुआ आयोजन



जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी में 9 नवंबर को पूर्व दिवाली समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह संस्थान के सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव स्पंदन का ही भाग है। इस समारोह को रोचक एवं भव्य बनाने हेतु सिंगिंग, विशिष्ट पोशाक समारोह तथा रैंप वॉक, रंगोली प्रतियोगिता, दिया डेकोरेशन, डांस, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, निलय मंडल, प्रिया राहुल, पूजा कुमारी तथा अन्य प्रोफेसरों का सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन शिव कुमार सिंह ने अपार हर्ष व्यक्त किया तथा सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहित किया।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड के नये सत्र का हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बी.एड के नए सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को ओरिएण्टशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र सह दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। इस परिचय सत्र में नए विद्यार्थियों को बीएड प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा पेशेवर नैतिकता के बारे में सहायक प्रध्यापक विनय शांडिल्य ने विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अतिथि श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ गोविन्द महतो ने शिक्षा, आध्यात्म, अनुशासन, इत्यादि के बारे में नए विद्यार्थियों को प्रेरणात्मक सन्देश दिया। प्राचार्य डॉ बालभद्र जेना ने अपने स्वागत वक्तव्य में समाज तथा देश के विकास में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा किया। सहायक प्राध्यापिका डॉ. देबोप्रिया सरकार तथा जयश्री सिंह द्वारा महाविद्यालय के नीति-नियमों से नए विद्यार्थियों का परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका रेखा कुमारी गोप तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका माधुरी कुमारी ने किया। मौके पर समस्त शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

### नीरज सिंह ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



जमशेदपुर। आगमी महापर्व छठ के निमित गुरुवार को भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने मानगो पुरुलिया रोड स्तिथ इंटेक वेल छठ घाट, चाणक्य पूरी घाट और वर्कर्स कॉलेज छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखा तय की पूरे घाट में गंदगी का अंबार लगा हुआ है पूरे घाट पर कूड़ा पड़ा हुआ है। मानगो नगर निगम के द्वारा पूरे घरों और नालों का गंदा बदबूदार पानी घाट पर बहाया जा रहा है जिस कारण वहां कोई दो पल खड़ा भी नहीं रह सकता। स्वाथ्या मंत्री बन्ना गुप्ता पर निशाना साधते हुए नीरज सिंह ने कहा की मंत्री जी केवल अधिकारियों के साथ घाटों पर जाकर सफाई के नाम केवल ढोंग कर रहें हैं और अधिकारियों के साथ मिलकर जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। जनता की सुविधाओं से उन्हे कोई लेना देना नहीं है। नीरज सिंह ने कहा की छठ पर्व हिंदू आस्था का सबसे बड़ा पर्व है आस्था के महापर्व से मंत्री और सरकारी अधिकारी मिलकर घाटों की सफाई के नाम पर खिलवाड़ कर रहे हैं जो हम कतई बर्दाशत नहीं करेंगे। मौके पर विनोद राय, नीलकामा शेखर सतीश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, प्रिंस सिंह, पप्पू सिंह, आजाद सिंह, मनोज गिरी, शुशील पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

### भारतवासी करें चीन के निर्मित सामानों का बहिष्कार : छगन सिंह



**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच सोनारी नगर संयोजक लोकनाथ साहू के नेतृत्व में सोनारी अटल चौक से गुदरी मार्केट, राम मंदिर चौक में दुकानदारों एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया एवं स्वदेशी सामानों का उपयोग और चीनी सामान का बहिष्कार एवं ऑनलाइन सामान ना खरीद कर आसपास के दुकानदार से ही सामान खरीदे। इस दिवाली लोकल और लोकल कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखण्ड प्रान्त के प्रचार प्रसार सह-प्रमुख अमित मिश्रा, जिला सम्पर्क प्रमुख-अशोक, जिला महिला सह प्रमुख- वंदना साहू,सोनारी नगर सह संयोजक संजय, मुख्य स्वदेशी समर्थक छगन सिंह मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### बाराद्वारी गांधी आश्रम में सुरभि शाखा ने मनायी दिवाली



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा गुरूवार को बाराद्वारी स्थित गांधी आश्रम में सभी लोगों के बीच नाश्ता एवं मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के साथ पटाखे जलाकर दीवाली मनाई गयी। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। यह कार्यक्रम शाखा सचिव कविता अग्रवाल के जन्म दिन पर उनके सौजन्य से किया गया था। अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में कविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, उषा चौधरी, पिंकी खेड़िया, मनीषा संघी, खुशबू कांवटिया, बिंदिया नरेडी, मुस्कान अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## टाटा स्टील के खेल विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए किया योग सत्र का आयोजन

**जमशेदपुर। टाटा स्टील के खेल विभाग ने आज सुबह गांधी घाट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 वरिष्ठ नागरिक सदस्यों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम सीनियर सिटीजन फन एंड फिटनेस लीग श्रृंखला का हिस्सा था। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के योग प्रशिक्षक अरविंद प्रसाद ने इस सत्र का नेतृत्व किया जिसका सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमशेदपुर के पूर्व डीएसपी (यातायात) कमल किशोर और टाटा स्टील के चीफ, स्पोर्ट्स, मुकुल विनायक चौधरी थे। खेल विभाग के अन्य कर्मचारी नीलम कुमारी, दिनेश रक्षित, हसन इमाम, अजीत सिंह, एल नागेश्वर राव, टी वासुदेव सहित अन्य भी उपस्थित थे। नानक सिंह और रेनू देवी को क्रमशः पुरुष और महिला श्रेणी में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिया गया। 75 वर्षीय नवल किशोर ठाकुर और जॉयश्री चक्रवर्ती को भी सम्मानित किया गया। टाटा स्टील ने इससे पहले अक्टूबर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैडमिंटन लीग का आयोजन किया था।**

## विधायक मंगल से प्रभावित होकर महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

>> झामुमो महासचिव सुप्रियो दा ने पार्टी में महिलाओं का किया स्वागत

>> मिलन समारोह में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो भी रहीं मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में लगातार लोग विधायक मंगल कालिंदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़ रहे हैं इसी कड़ी में आज फिर जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत परसुडीह के सुभाष चंद्र मिलन संघ हलुदबनी में एक मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य और विधायक सविता महतो उपस्थित हुए। इस दौरान काफी संख्या में महिलाओं ने हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो की सदस्य ली। सुप्रियो भट्टाचार्य और दोनों विधायक ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सरकार महिलाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को संकल्पित है। हमारी सरकार में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि आदि कई योजनाएं चल रही है। मंगल कालिंदी ने कहा कि हेमंत सरकार में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं और तेजी से हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोगों का प्रभाव झामुमो के प्रति बढ़ रहा है। विधायक सविता महतो ने कहा कि हेमंत सरकार और झामुमो ने हमेशा महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। इनके नेतृत्व में महिलाओं ने ली झामुमो की सदस्यता : कुमकुम पोद्दार, वंदना चटर्जी, अर्पिता भवल, एम मुक्ता, कंचन देवी, रितेश घोशाल, मुखिया नागी मुर्मु, मुखिया पानो मुर्मु, बबिता करुवा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने झामुमो का दामन थामा। मौके पर झामुमो नेता पलटन मुर्मु, देवजित मुखर्जी, नानटू सरकार, काबलू महतो, नौशाद आलम, नंदु सरदार, तरुण पाल, संजय सिंह, राकेश चक्रवर्ती, कार्तिक मछुआ, बिमल पाल आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल की 5 छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति



**चांडिल।** गुरुवार को नौरंगराय सुर्यदेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल मे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 6 से 10 तक के एक-एक छात्रा को कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोश छात्रवृत्ति के तहत बीस- बीस हजार रुपये की राशि विद्यालय की तरफ से प्रदान की गयी। पुरस्कार पाकर सभी छात्रा बहुत ही खुश थी। अभिभावकों की तरफ से विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य ने बताया की नौरंगराय सुर्यदेवी ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्ष कुमुदिनी देवी प्रेरणा कोश छात्रवृत्ति पुरस्कार कक्षा 6 से 10 तक के छात्रा के बीच प्रतियोगिता परीक्षा के मध्यम से कराई जाती है और सभी पहलुओ को ध्यान मे रखने के बाद यह राशि प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम अनुष्का खां कक्षा 6, ऋतु महतो कक्षा 7, गीता कक्षा 8, स्वीटी सेन कक्षा 9 व संतोषी महतो कक्षा 10 है।

## क्वार्टरों के कचड़े को बटोरेगी आरआरआर वैन

खबर मन्त्र ब्यूरो



वैन को झंडी दिखा कर रवाना करते एमडी रितुराज सिन्हा, जीएम धनंजय मिश्रा व वीपी सिंह।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा ने बड़े उत्साह के साथ आरआरआर मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखा कर जमशेदपुरवासियों के लिए रवाना किया. यह आयोजन स्वच्छ भारत मिशन को बढ़ावा देने और आरआरआर केंद्र के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान, प्रबंध निदेशक ने सभा को संबोधित किया और स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और जमशेदपुर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में योगदान देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही वैन के महत्व पर प्रकाश डाला, जो रियुस, रीसाइकल एवं रीड्यूज के सिद्धांतों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक मोबाइल हब के रूप में काम करेगा। वैन विभिन्न इलाकों और सार्वजनिक स्थानों पर दौरा करेगी और लोगों को अपने दैनिक जीवन में टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने के लाभों के बारे में शिक्षित करेगी। प्रबंध निदेशक ने जमशेदपुर के नागरिकों से स्वच्छ भारत मिशन में सक्रिय रूप से शामिल होने और जब भी संभव हो अपशिष्ट उत्पादन को कम करने, सामग्रियों को रीसायकल करने और संसाधनों का पुनः उपयोग करने के लिए सचेत प्रयास करने का आग्रह किया।

## नृत्यांगना अनु सिंह ने बच्चों को दी ट्रेनिंग



**जमशेदपुर।** टेल्को के प्रकाश नगर मे श्रीनाथ रॉक गार्डन के सोसाइटी में आज कथक नृत्य की कार्यशाला का आयोजन हुआ देश-विदेश की ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना डॉ अनु सिंह ने सोसाइटी के बच्चों को कथक की बारीकियां को सिखाया कथक सीखने के लिए बच्चों के साथ-साथ बड़े भी काफी उत्सुकता से कार्यशाला में भाग लिया बच्चों को यह शिक्षा के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत के विषय में जानकारी देते हुए संगीत नृत्य का प्रचार प्रसार करने के लिए भी बढ़ावा दिया गया संगीत में आगे शिक्षा दीक्षा को बढ़ाने के लिए उन्हें फॉर्म भरकर डिग्री डिप्लोमा कोर्स के विषय में भी जानकारी दी गई। डॉ अनु सिन्हा ने यह बताया कि यहां पर बच्चों में बहुत रूचि है सीखने की और माता-पिता सिखाना भी चाहते हैं लेकिन कई बार अच्छे गुरु नहीं मिलने के वजह से बच्चे इस तरह के विद्या को सीखने से वंचित रह जाते हैं। अनु सिन्हा का कहना है कि इस तरह की विधा हर एक बच्चों को उनके पढ़ाई के साथ-साथ संगीत और नृत्य में रखने से शारीरिक मानसिक तनाव से मुक्त होते हैं और उसका कई तरह से लाभ भी उठा सकते हैं। आज यहां पर टोटल 10 बच्चों की भागीदारी रही जिसमें दो बड़े भी थे रागिनी सिंह, प्रेम सैनी, प्रीति सिंह, आकृति सिंह, मायशा शर्मा, यशराज सिंह, देवराज सिंह,अनीशा सिंह, प्रतिज्ञा, ज्योति शुभांगी शार्दुल शिवांश शार्दुल श्वेतांगी शार्दुल आदि मौजूद थे।

## साइबर अपराधियों ने दो यूसीलकर्मी के खाते से उड़ाये डेढ़ लाख

**जादूगोड़ा।** साइबर अपराधियों की नजर इन दिनों यूसीलकर्मियों के बैंक खाते पर टिकी है। बीते एक सप्ताह के दौरान दो कंपनी कर्मी नारायण महाली (टाइम ऑफिस,जादूगोड़ा) के खाते से एक लाख रुपए वहीं एक अन्य कर्मी भवेश चंद्र देव (जादूगोड़ा माइंस ब्लास्टिंग विभाग) के खाते से 50 हजार रूपए साइबर अपराधियों ने उड़ा ले गए। दोनो खाते जादूगोड़ा स्थित भारतीय स्टेट बैंक की है। इधर बैंक जांच व फंड रिफंड करवाने की झूठी आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती है जिसकी वजह से लोगो में बैंक के प्रति आक्रोश है वही पीड़ित व्यक्ति की सुधि लेने वाला कोई नही है।

# अगले माह एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में होगा दुनिया भर के दिग्गजों का जुटान

### द पीओएमएस इंडिया इंटरनेशनल कांफ्रेंस में देश-विदेश से 300 प्रतिनिधि होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** इस साल पीओएमएस इंडिया चैप्टर कॉन्फ्रेंस 2023 का आयोजन एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में होगा। चार से छह दिसंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भारत के अलावा यूएसए, यूके, चाईना, कोलंबिया व कनाडा के करीब 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश के लगभग सभी आइआइटी, आइआइएम, आइएसबी के साथ ही सभी बिजनेस स्कूल के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस दौरान सतत विकास के लिए भविष्य में होने वाली परिकल्पना की थीम पर सभी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान करीब 160 पेपर प्रस्तुत की जायेगी। इस क्षेत्र में विद्वानों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के साथ ही इनोवेशन के माध्यम वैश्विक स्तर पर कैसे बड़े साकारात्समक बदलाव किये जा सकते हैं, इस पर मुख्य रूप से मंथन होगा। बताया गया कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें शिक्षाविद, शोधकर्ता और व्यवसायी उत्पादन और संचालन में अंतर्दृष्टि और रणनीतियों का आदान-प्रदान करते हैं। इस बार कार्बन तटस्थता प्राप्त करने, सप्लाई चेन मैनेजमेंट में ईएसजी को बढ़ाने, सप्लाई चेन मैनेजमेंट में होने वाली क्राइसिस से निबटने के उपाय के साथ ही एडवांस टेक्नोलॉजी के माध्यम से विभिन्न समस्याओं के समाधान से निबटने के तरीके पर भी चर्चा की जायेगी। एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ना सिर्फ सप्लाई चैन मैनेजमेंट बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण है।

### एक नजर में कांफ्रेंस

>> कुल 160 पेपर होंगे प्रस्तुत, करीब 300 से अधिक प्रतिनिधि हो रहे हैं शामिल

>> कुल तीन पैनल डिस्कशन होंगे. जिसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में होने वाले प्रयास, डीइआइ और डिजिटल सप्लाई चेन के विषय शामिल होंगे।

>> यूएसए के जॉर्जिया यूनिवर्सिटी ऑफ टेकनोलॉजी के प्रोफेसर विनोद सिंघल रिसर्च वर्कशॉप आयोजित करेंगे।

>> कार्बन उत्सर्जन को लेकर आइटीसी के डिविजनल चीफ एग्जीक्यूटिव वेदीराज कुलकर्णी देंगे व्याख्यान।

>> देश के साथ ही विदेशों के 15 अलग-अलग इंडस्ट्री के दिग्गज विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखेंगे।

# रोजगार सृजन का केंद्र है नर्सिंग कॉलेज

- बुद्धा नर्सिंग कॉलेज के चौथे स्थापना दिवस पर उत्सवी माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुधीर बाड़ा ने कहा कि बुद्धा नर्सिंग कॉलेज समाज के गरीब बच्चों के लिये रोजगार सृजन का केंद्र है। कॉलेज विकास में मदद का भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा कि इस संस्थान नर्सिंग के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। वह संस्थान के चौथे स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री बाड़ा ने चेयरमैन जैनेंद्र कुमार तथागत को 59वें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने उनके दीर्घायु होने की कामना करते हुए बुद्धिष्ट जनों को दिशा देने की बात कही। उन्होंने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं श्री कुमार ने केक काटा। इसे बीच विभिन्न जिला से आये सौ से अधिक लोगों ने बौद्ध धर्म अपनाया। सीपीआई के अजय सिंह, सीपीएम के समीर दास, बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राज कुमार दास, हजारीबाग के शंभू दास, महासचिव लोकसहकार महासंघ के अमल पांडेय, सीपीआईएम के राज्य सचिव प्रकाश विपलब, गिरिडीह के जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद व कृष्णकांत तिवारी ने अपनी बातें रखी। विद्यार्थियों ने कला की छटा बिखेरी। शिक्षाप्रद नुक्कड़ और गीत-संगीत का भी दौर चला। संचालन और स्वागत भाषण संस्थान के निदेशक प्रियांशु कुमार ने किया।



### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

प्राचार्य स्टीव निशांत, प्रशासनिक हेड आशीष कुमार, को-ऑर्डिनेटर सहवाज आलम, प्रबंधक हिमांशु सिंह, दीपक, परमेश्वर, आरके सिंह, मुंसाद मंजर, जुली कुमारी, निकिता, सोनाली, अबरार अंसारी, आमिर सोहेल, कुंदन, जुगनू, साकिब, मुकीम व कर्मी आदि।

## विद्यार्थियों को दी उपचार की जानकारी

**रातू।** प्रखंड के उषामातू स्थित समर्पणदीप बीएड कॉलेज में आईपीए कोलकाता की ओर से प्राथमिक चिकित्सा पर एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बतौर विशेषज्ञ प्रदीप मंडल और चंदन मित्रो ने हिस्सा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सीय उपचार की जानकारी दी। इससे वह बेहद उत्साहित नजर आये। कॉलेज के अभिषेक सिंह, एनके गुप्ता, विकास पोद्दार, जीतेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्राचार्य प्रो रजनीश पांडेय व दशरथ महतो ने भी अनुभव साझा किये। मौके पर आनंद भगत, शशि तिर्की, लीना, वासिफ, कन्हैया लाल, अच्युतानंद मिश्र, सजीत कुमार महतो, कुमारी पुष्पा सिंह, हरजीत कौर, ऋतु जया करकेट्टा, शालिनी सिन्हा, श्रेयशी बनर्जी, कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो, शिवराज भगत, हेमा, लक्ष्मी, अभिलाषा ग्लोरिया, रेशमा, दीपशिखा, आलिया, विकास, राजकुमार, कार्तिक, अतुल, संदीप, कुंदन व बबलू आदि मौजूद थे।



## प्रेम मंजरी स्कूल के बच्चों को मिला अल्बेंडाजोल का टैबलेट



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** प्रेम मंजरी उच्च उच्च विद्यालय में आयरन.फोलिक और अल्बेंडाजो के टैबलेटों का वितरण करके छात्रों को स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित किया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है ताकि छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रख सके और अध्ययन के प्रति उत्साहित रहें। आयरन और फोलिक अम्ल की उपस्थिति शिक्षा और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। एनीमिया को रोकने में मददगार है, जबकि अल्बेंडाजोल पाचन तंत्र व क्रीमी से सुरक्षा देने में मदद करता है। इस योजना को शुरू करते हुए छात्रों के भविष्य को स्वस्थ बनाने का एक और कदम उठाया है। कांके शिक्षा विभाग से मिली दवा का वितरण छात्रों की भलाई के लिए किया गया। स्कूल के निदेशक सुजीत केशरी ने यह उम्मीद जताई कि यह योजना छात्रों को उनके स्वास्थ्य का सही समय पर ध्यान देने में मदद करेगी और उन्हें एक उत्साही अनुभव प्रदान करेगी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विजय पांडे, सहायक शिक्षक शैलेश तिर्की, पिंकी कुमारी, ग्लोरिया गुड़िया आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### ओरमांझी में काली पूजा की तैयारी शुरू

**ओरमांझी।** काली पूजा समिति ओरमांझी द्वारा इस वर्ष भी काली पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा इसे लेकर समिति द्वारा काली मंदिर ओरमांझी परिसर में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। काली पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष अजय सिंह ने आयोजन से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि 12 नवंबर को रात्रि नौ बजे से पूजा शुरू होगी। दूसरे दिन 13 नवंबर को दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरण व दो बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव धीरज नायक, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार साहू उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष नरेश महतो, जोगेंद्र मुंडा, अरुण मंडल, उपसचिव शंकर गुप्ता, कुलदीप तिवारी, सुरेन सिंह, उपकोषाध्यक्ष भीम मुंडा, रितेश कुमार व ग्रामीण सभी पूजा की तैयारी में लगे हैं।

### केडीएच पीओ के खिलाफ धरना 40वें दिन भी जारी

**खलारी।** केडीएच परियोजना पदाधिकारी के खिलाफ खतियानी रैयतों का धरना 40वें दिन तक जारी है। प्रबंधन के फुट डालो लूट लो की नीति के तहत अपना कार्य कर निकल जा रहा है। प्रबंधन के झूठे अश्वासन को दरकिनार करके विश्रामपुर जामुन दोहर के खतियानी रैयत अपनी हक नौकरी, मुआवजा व पुनर्वास के मामले को लेकर अनिश्चितकालीन धरना बीसीकेयू (सीटू) के बैनर तले जारी रहेगा।

### युवा कांग्रेस ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बाउतिया निवासी अश्वनी मुंडा की माता एतवारी देवी के श्राद्धकर्म में तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नीतीश पांडे के आदेशानुसार खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया गया। मौके पर विनीत सिंह, रोशन कामती मृतक के परिवार से मिल शोक प्रकट किया।

### नगड़ी मंडल भाजपा की बैठक में विचार-विमर्श

**पिस्कानगड़ी।** गुरुवार को नगड़ी मंडल भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पीएम के खूंटी आगमन के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रभारी सुधाकर चौबे, केदार महतो, दौलत राम केशरी, प्रेम सागर महतो, हिंदुवा उरांव, अखिलेश केशरी, अजय नायक, नंद किशोर महतो, विजय महतो, अखिलेश्वर महतो, गंगाधर महतो, सुरेश लोहरा, शीतल साहू, विकास उरांव उपस्थित थे।

### चिकित्सा शिविर में 140 मरीजों की हुई जांच

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को आयुष विभाग की ओर से आयुष ग्राम सलगाडीह, सारजमडीह, नवाडीह में मासिक शिविर का आयोजन किया गया। सलगाडीह में डॉ रूपा रानी, सारजमडीह में डॉ जीरेन, नवाडीह में डॉ श्वेता दुबे ने शिविर लगा स्वास्थ्य की जांच कर दवा वितरण किया। चिकित्सा शिविर में सलगाडीह में 30, सारजमडीह में 50, नवाडीह में 60 लोगों का उपचार कर दवा दिया गया। योग से निरोग की जानकारी दी गई एवं योग संबंधित पुस्तक दी गई।

### दशकर्म के लिए राशन देकर किया सहयोग

**अनगड़ा।** बूटगोड़ा गांव निवासी स्व कुमन देवी के दसकर्म में खिजरी विधायक के सौजन्य से सूखा राशन देकर सहयोग प्रदान किया गया। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने सामूहिक रूप से उपस्थित होकर परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, कूच्चू पंचायत अध्यक्ष नयूम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि शफीक अंसारी, बाली महली, सुबोध बेदिया, कांग्रेस नेत्री ममता देवी मौजूद थीं।

### सूर्य मंदिर बुंडू में छठ महापर्व की तैयारी को लेकर बैठक

**बुंडू।** गुरुवार को सूर्य मंदिर बुंडू के सूर्य भवन में छठ महापर्व की तैयारी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों संग बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो ने किया। छठ पर्व को लेकर मंदिर परिसर की सफाई की जाएगी।

# धनतेरस पर सजी दुकानें, चौक-चौराहों की बढ़ी रौनक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। वही धनतेरस व दिवाली के लिए दुकानें सजधज कर तैयार है। महावीर चौक, जिला परिषद, बाजारटांड़ देवी मंडप में दुकानों के बाहर पटरी पर भी खिलौने, दीये समेत विभिन्न वस्तुओं की दुकानें सजी हैं। बाजार में ग्राहकों की भीड़ देख दुकानदारों के चेहरे भी खिले हैं। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने विशेष तैयारियां की हैं। गुरुवार को बर्तन की दुकानों के साथ ही वाहनों व इलेक्ट्रानिक उत्पादों के शोरूम संचालक भी धनतेरस के इंतजाम में दिन भर व्यस्त दिखे। ग्राहकों के लिए भी खास तैयारियां की गई हैं। ग्राहकों के लिए कहीं उपहार योजना संचालित किया जा रही है तो कहीं त्योहारी छूट दी गई है। धनतेरस पर सबसे ज्यादा रौनक बर्तन की दुकानों पर होती है। इसके लिए बर्तन विक्रेताओं ने भी तैयारी की है। ग्राहकों तक सीधी पहुंच के लिए दुकानों पर कर्मियों की संख्या को बढाया गया है तो कहीं दुकान के दायरे को अस्थाई तौर पर बढ़ाया गया है। दुकानदार संचालकों ने बर्तनों के प्रदर्शन के लिए खास तौर पर इंतजाम किए हैं। वही दीपावली को लेकर मूर्तियों की भी दुकानें लगाई जा रही है।



### मिट्टी के दीपक, घड़ा और चुक्का की हुई बिक्री

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में धनतेरस और दीपावली को लेकर दुकाने सज-धज कर तैयार हैं। इनमें मिट्टी से बने विभिन्न दीये, घड़ा, चुक्का, चौमुखी दीप की महत्वपूर्ण हैं। तमाड़ के बाजारों में बाइक, साईकिल, बर्तन, ज्वेलरी की दुकानों को सजाया गया है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छूट और उपहार की योजना रखी है। सूरज प्रजापति कहते हैं कि दीप, घड़ा व अन्य सामग्री का भाव इस प्रकार है, जिसमें बड़ा दीया 10 रुपैया, छोटा दीया डेढ़ रुपये प्रति पीस है।

## पानी टंकी निर्माण में गुणवत्ता की कमी से ग्रामीणों में आक्रोश

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजलापूर्ति विभाग परिसर में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इसकी गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाया है। ग्रामीणों ने कहा है कि टंकी निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है और ना तो ठीक से मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है और ना ही बन रहे पीलर में पानी दिया जा रहा है। जिससे टंकी का पीलर मजबूत नहीं बनेगा। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है। निर्माण कार्य से संबंधित बोर्ड भी ठेकेदार ने नहीं लगाया है।

# स्कूली बच्चों के बीच 500 बैग का वितरण

- अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने दिखायी दरियादिली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की दरियादिली ने लोगों का मन मोह लिया है। चेयरमैन कमरुल हक ने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य उर्दू विद्यालय, फुटकलटोली में पांच सौ बच्चे-बच्चियों के बीच बैग का वितरण किया। इस दौरान श्री हक ने विद्यालय को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए स्कूल में बेहतर शिक्षा, शिक्षकों से समय पर विद्यालय आने, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता तथा अभिभावकों से बच्चों की साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। इससे पूर्व विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से श्री हक समेत ट्रस्ट के पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैग पाकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आये। उन्होंने ट्रस्ट के प्रति आभार भी जताया। मौके पर उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, अताउल्लाह अंसारी, असलम अंसारी, अब्दुल वाहिद, रबुल अंसारी, हाजी मियांजान अंसारी, अख्तर हुसैन व मो सरफराज आदि मौजूद थे।



## अड़की में जेबीकेएसएस ने चलाया जन जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** अड़की प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव बिरसिंगडीह, टोड़ांग, बदानी, सेंजाड़ी में जेबीकेएसएस महिला नेत्री दमयंती मुंडा ने जन-जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों संग बैठकें कीं। मौके पर श्रीमती मुंडा ने पार्टी की नीति सिद्धांत पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य गठन के इतने वर्षों बाद भी खतियान आधारित झारखंडवासियों की पहचान किसी भी सरकार ने नहीं कर पाई। नियोजन नीति, समता जजमेंट, पेसा कानून को लागू नहीं कर पाना अब तक की सरकारों के इच्छा शक्ति की कमी को दर्शाता है। राज्य सरकार आनन-फानन में गलत नियोजन नीति बनाकर बाहर के अभ्यर्थियों को नियोजन में मौका दे रही है। जिससे राज्य के स्थानीय बेरोजगार युवाओं का हक छीना जा रहा है। परिणामस्वरूप युवा अन्यत्र राज्यों में पलायन को विवश हो रहे हैं। इसलिए हम सभी को संकल्पित होना होगा कि आनेवाले वर्ष 2024 में राज्य की राजनीतिक बदलाव करते हुए झारखंड नवनिर्माण के लिए राज्य का नेतृत्व युवाओं के कंधे पर हो ताकि राज्य का सर्वांगीण विकास के साथ ही पलायन पर पूर्णतः रोक लगे।

## एक नजर में

### जेसीआरटी में दो दिनी राज्य स्तरीय रोल प्ले और लोक नृत्य प्रतियोगिता

**रातू।** डायट स्थित जेसीआरटी में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के तहत दो दिनी कार्यशाला शुरू हो गयी है। इसका उद्घाटन प्राथमिक शिक्षा निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा ने किया। इसमें राज्य के चयनित स्कूलों से आये कक्षा 6 से 12 के छात्र-छात्रायें हिस्सा ले रहे हैं। स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम में रोल प्ले व फोग डांस आदि 16 टीम हैं। मौके पर उप निदेशक महीप कुमार सिंह, सहायक उप निदेशक बांके बिहारी सिंह, पूर्व आरडीडी पलामू राजकुमार सिंह व प्रीति मिश्रा मौजूद थे। निर्णायक मंडली में विपुल नायक, संदीप कुमार शर्मा व ओम प्रकाश शामिल हैं। संचालन अंजलि गांगुली एवं डॉ प्रियंका कर रही हैं।

### प्रोजेक्ट प्लस टू उवि, जोन्हा में रंगोली प्रतियोगिता



**सिकिदिरी।** प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय जोन्हा में गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके प्राचार्या मनीला ज्योती लकड़ा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को आगे लाने का मौका मिलता है। सभी सफल प्रतिभागियों को मुखिया कृष्णा मुंडा व प्राचार्या ने पुरस्कृत किया। इससे पहले विद्यालय में पीटीएम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रयास कार्यक्रम, पोस्को, अभिभावक केलेंडर, प्रोजेक्ट रेल, छात्रवृति, वोकेशनल विषय व एसएचडब्लूपी विषय पर चर्चा की गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीवाकर बेदिया, रीता देवी, शिक्षिका अर्पित सुमन तिग्गा, आनंद कल्याण खलखो, नृत्य नाथ महतो, महानंद प्रमाणिक, गोविंद प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### राहे के लाल ने राष्ट्रीय खेल में जीते दो स्वर्ण



**राहे।** गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड लॉन बॉल टीम में दिनेश कुमार और सुनील बहादुर ने फाइनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल को हरा कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया है। टीम के कप्तान दिनेश कुमार राहे प्रखंड के इचाहातू, गुचीडीह का रहने वाला है। दिनेश कुमार ने सिंगल मुकाबला में भी स्वर्ण पदक जीता है। राष्ट्रीय खेल में अभी तक दिनेश कुमार ने दो स्वर्ण पदक जीता है। राष्ट्रीय खेल में स्वर्ण पदक जीतने पर राहे प्रखंड के लोग काफी उत्साहित हैं। खेल प्रेमियों ने दिनेश कुमार को शुभकामनाएं देकर बधाई दी है। इधर झारखंड टीम को स्वर्ण पदक मिलने पर टीम के साथ दिनेश को विधायक सुदेश महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जयपाल सिंह, सुनील सिंह, चितरंजन महतो, श्याम महतो, रंग बहादुर महतो, भूषण महतो आदि ने बधाई दी है।

### चलो दीप जलायें वहां, जहां अभी अंधेरा है



**अनगड़ा।** प्रखंड के ओबर गॉव में भारत विकास परिषद रांची मध्य एवं महानगर शाखा के तत्वाधान में वृहस्पतिवार के दिन चलो जलाएं दीप वहां जहां अभी अंधेरा है कार्यक्रम के तहत आर्थिक पिछड़े लोगों के बीच दीपक बत्ती माचिस तेल एवं मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इंटरनेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट शशि भूषण पांडे एवं सूचना वैज्ञानिक जितेंद्र कुमार जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। लॉर्ड गौतम बुद्ध ट्रस्ट के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि दिवाली के अवसर पर अपने आसपास रह रहे आर्थिक पिछड़े लोगों की सहायता करना प्राथमिकता है।

### बच्चों को मिला आग से बचाव का प्रशिक्षण

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के परिसर में गुरुवार को झारखंड अग्निशमन विभाग पिस्का मोड़, रांची के तत्वावधान में अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन प्रशिक्षण टीम के पदाधिकारी किशोर तिर्की, प्रधान अग्निचालक फूल कुमार सिंह और अग्निचालक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने प्रशिक्षण दिया। इसमें 900 बच्चे एवं 60 शिक्षक एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# सिकिदिरी : लंबी कूद में श्रेया रिया, प्रीतम को मिला स्वर्ण

## 100 मीटर दौड़ में सुषमा को मिला स्वर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव में गुरुवार को लंबी कूद जूनियर बालिका वर्ग में श्रेया कुमारी को स्वर्ण, शीतल जायसवाल को रजत और स्वाति मंडल को कांस्य पदक मिला। सब जूनियर वर्ग में रिया कुमारी को स्वर्ण, खुशबू कुमारी को रजत और मनीषा कुमारी को कांस्य, जबकि सब जूनियर बालक वर्ग में प्रीतम कुमार को स्वर्ण, अनुज करमाली को रजत व आकाश गंझू को कांस्य पदक मिला। वहीं 100 मीटर दौड़ बालिका जूनियर सुषमा कुमारी को स्वर्ण, लवली कुमारी को रजत व विजेता कुमारी ने कांस्य पदक जीता है। मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर सत्यपाल राउत, राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार, खेल प्रभारी मौजूद थे।

# खलारी : ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला में सजी लक्ष्मी-गणेश की चैतन्य झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** दीपावली के तीन दिन पूर्व लक्ष्मी गणेश की चैतन्य झांकी सजाई गई। लक्ष्मी के रूप में बीके परि बहन और गणेश के रूप में बीके वेदांत भाई घंटों बिल्कुल स्वाभाविक रूप और मुद्रा में बैठे रहे। झांकी की विधिवत पूजा व आरती उतारी गई। इस अवसर पर गीता पाठशाला के बीके भाई-बहन उपस्थित होकर सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर दुनिया की सभी आत्माओं की बुझी ज्योति जलाने की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए बड़े ही श्रद्धा से दीपावली महोत्सव मनाया गया। मौके पर ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला के अशोक मंडल भाई व कमल भाई ने सभी भाई-बहनों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनको दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताया। उन्होंने कहा कि जब हम अपने परिश्रम व कर्मठता से संगठित रूप में विश्व के कोने-कोने में दिव्य गुणों का प्रकाश फैलाएंगे तब ही सही मायने में दिवाली मनाएंगे। सभी बहन-भाइयों ने सबको पर्व की बधाई दी।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर संजय भाई, रामधनी भाई, आदित्य भाई, पिंकी बहन, टिंकी बहन, छाया बहन, अलका बहन, गीता बहन, मुरारी भाई, धनेश्वर भाई, कुलदीप भाई, जोशी बहन सहित अन्य भाई-बहन शामिल थे।

# फुटबॉल मैच : छोटी टीम से ही निकलता है बड़ा खिलाड़ी

- राजेश्वर चौधरी फुटबॉल टूर्नामेंट में पांचा को हरा शिवशक्ति क्लब कुटे बना चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आदर्श स्कूल मैदान पांचा में पिछले पांच दिन से चल रहे स्व. राजेश्वर चौधरी सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुरुवार को शिवशक्ति क्लब कुटे एवं डीएसएस एकेडमी पांचा के बीच खेला गया। दोनों टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पांचा टीम के खिलाड़ियों ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। चार बार गोल करने का शानदार अवसर भी बना, लेकिन हर-बार निशाने से चुक गए। वहीं रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन करने वाले कुटे की टीम ने मैच को ट्राइब्रेकर तक ले जाने में सफल रहे। जिसमें अंतिम समय में शिवशक्ति के गोलकीपर राहुल मुर्मू ने शानदार गोल रक्षा कर शिवशक्ति क्लब को चैंपियन बाना दिया।

## विधायक ने विजेता टीम को दी ट्रॉफी और इनामी राशि



मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी और इनामी राशि 21 हजार का चेक प्रदान किया। वहीं खिलाड़ियों के साथ ग्रामीणों का उत्साह देख कर सुदेश महतो ने कहा कि विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल है। टीम में 11 खिलाड़ी खेलते हैं, लेकिन खेल से लाखों लोग जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में आपसी समरसता बनाए रखने के लिए खेलों का विशेष महत्व है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि युवाओं का खेल देखकर नहीं लगा कि छोटी टीम का कोई मैच देख रहे हैं। खेल के प्रति जज्बा बनाए रखें। छोटी टीम से ही बड़ा चैंपियन बनता है। मौके पर उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 15 हजार का चेक दिया गया। वहीं सेमी फाइनल खेलने वाले एफसी बानपुर अनगड़ा और एफसी क्लब खटंगा रांची को तीन-तीन हजार रुपया व छोटी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिप सदस्य सरिता देवी ने आयोजक मुस्कान क्लब पांचा को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। संचालन सचिव राजधाम साहू ने किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में गोमिया विधायक लंबोदर महतो, आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामधन बेदिया, जिप सदस्य अनगड़ा राजेंद्र शाही मुंडा, आदिल अंसारी, रोशनलाल मुंडा, रामकुमार दीपक, डॉ अजीत चौधरी, मुखिया सुफल महली, उपमुखिया अजय महतो, समिति के अध्यक्ष आनंद महतो, सचिव राजधाम साहू, सतेंद्र कसेरा, वीरेंद्र साहू, बैजनाथ महतो, प्रकाश चौधरी, रामनंदन महतो सहित काफी संख्या में खेलप्रेमी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

